सदस्यः–
• लोक लेखा समिति
• पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस (स्थायी समिति)
• सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (सलाहाकार समिति)

10 लोधी इस्टेट,
नई दिल्ली – 110003
मोबाइल – 09720170999

सत्यमेव जयते

# धर्मेन्द्र यादव

संसद सदस्य (लोक सभा)

मुख्य सचेतक समाजवादी संसदीय पार्टी

दिनांक – 20.12.2024

प्रतिष्ठा में,
मा. संसदीय कार्य मंत्री जी,
भारत सरकार, नई दिल्ली

**विषय - जिला बदायूँ मे स्थित सम्राट अशोक पर्यटक स्थल बुद्ध बिहार सूर्यकुण्ड मझिया बदयू मे भगवान बुद्ध की प्रतिमा को तोड़ने व कब्जा करने के सबंध मे।**

अवगत करना है कि सम्राट अशोक पर्यटक स्थल बुद्ध बिहार सूर्यकुण्ड, मझिया जनपद बदायू मे 11वीं शताब्दी में राजा महिपाल ने स्थापना की थी तथा इसी स्थल पर भगवान बुद्ध ने पीपल के पेड़ के नीचे बैठकर अपने अनुयायियो को उपदेश दिये थे। इस पौराणिक स्थल के लिए श्री अखिलेष यादव जी तत्कालीन मा. मुख्यमंत्री (उ.प्र.) द्वारा इसे सम्राट अशोक बुद्ध पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया था तथा तत्कालीन सांसद बदायूँ श्री धर्मेंद्र यादव द्वारा अपनी सांसद निधी एवं अन्य सांसदो की निधियो से यह पर्यटन स्थल के लिए धन उपलब्ध कराया गया। जिससे कि ऐतिहासिक एवं पौराणिक धरोहर का संरक्षण किया जा सके । यहां पर कई प्राचीन काल के बुद्ध स्तूप भी बने हुए है काफी लम्बे समय से पूज्य भंते लोग इस बुद्ध बिहार मे रह कर भगवान बुद्ध की प्रार्थना एवं पूजा अर्चना करते आ रहे है इस बुद्ध बिहार का सौंदर्यकरण कराने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार ने लगभग एक करोड़ रूपए दिया था।

दिनांक07.12.2024 को कुछ असमाजिक तत्वों ने बुद्ध बिहार पहुंचकर वहाँ पर रह रहे पूज्य भंते लोगो के साथ अभद्र व्यवहार किया और बौद्ध बृक्ष के नीचे जहाँ चबूतरा बना था अफवाह फैलाई कि यहां पर शिवलिंग निकली है इसके बाद उन्होंने चौकी इंचार्ज जवाहरपुर और इंस्पेक्टर सिविल लाइन्स बदायू को बुलाया चौकी इंचार्ज ने संबल से भगवान बुद्ध की प्रीतिमा को तोड़ने का अथक प्रयास किया जिससे प्रीतिमा पर निशान मौजूद है वहाँ पर लगे सीसी टीवी कैमरे भी तोड़े

गये लिखें गये शब्दो को मिटाया गया और पूज्य भंते लोगो को थाने ले जाकर बंद कर दिया एकतरफा 5-5 लाख रूपये मुचलका भरवाकर छोड़ा गया इस के अतिरिक्त बुद्ध बिहार मे रहने बाले पूज्य भंते लोगो का सामान बाहर फेक कर भगा दिया और बुद्ध बिहार मे चौकी इंचार्ज ने जबरदस्ती अपना ताला लगा दिया असमाजिक तत्वों द्वारा ऐसे निदनीय कार्य करके केंद्र और उत्तर प्रदेश के सरकार की छवि धूमिल करने और माहौल बिगाड़ने का कार्य लगातार किया जा रहा है इस घटना के बाद केबल बदायू मे ही नहीं बल्कि प्रदेश और देश मे भगवान बुद्ध में आस्था रखने बाले लोगो मे भारी आक्रोश है पूज्य भंते गण अभी भी खुले आसमान के नीचे बैठे है जिन्हे बदायूँ का प्रशासन तंग/परेशान कर रहा है।

अतः आपसे आग्रह है कि इस घटना मे हस्तक्षेप कर पुज्य भंते लोगो को पुनः बुद्ध बिहार मे स्थापित करते हुए चौकी इंस्पेक्टर को निलंबित कर कठोर कार्यबाही करने का कष्ट करे ताकि भगवान बुद्ध को मानने बाले लोगो के आस्था के साथ भविष्य मे कोई भी खिलवाड़ न कर सके

धन्यवाद

भवदीय,

(नीरज मौर्य, सांसद)

(धर्मेंद्र यादव)

(देवेश शाक्य, सांसद)

(आदित्य यादव, सांसद)